राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, रविवार 02 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 54 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## शाम में इंद्रदेव की कृपा, राहत बरसी

### दिन में उमस भरी झुलसाती गर्मी के बाद देर शाम हुई बारिश से मिला चैन

मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर

शहर समेत पूरे कोल्हान में शनिवार को एक बार फिर तापमान में अचानक वृद्धि हुई. दिन चढ़ने के साथ ही सूर्य देव की चढ़ती त्योरी (धूप) व तपिश से लोग बेहाल रहे. सुबह से भीषण गर्मी ने परेशान कर दिया. दिया वहीं शाम को शहर में काले बादल छा गये. तेज हवा और गरज के साथ झमाझम बारिश हुई. इससे वातावरण में ठंडक घुली और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की. दिन में तेज धूप की वजह से शहर का अधिकतम तापमान सामान्य 38.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

हालांकि यह सामान्य यानी अनुमान से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा. लेकिन पिछले 24 घंटे यानी शुक्रवार के अधिकतम तापमान से 7.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा.



पिछले शुक्रवार को जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें सामान्य से 9.1 और पिछले गुरुवार के अधिकतम तापमान की तुलना में 11.8 डिग्री सेल्सियस कमी दर्ज की गयी थी. शनिवार को जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस कम 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं बारिश लगभग 4 मिलीमीटर दर्ज की गयी.

इसके साथ ही हवा की रफ्तार लगभग 30 किलोमीटर प्रति घंटे रही. सरायकेला में पारा फिर 41 डिग्री के पारदूसरी ओर कोल्हान के अन्य दो जिले पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला में पारा एक बार फिर चढ़ा. सरायकेला में अधिकतम तापमान सामान्य से 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं पश्चिमी सिंहभूम में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों तक तपिश से थोड़ी राहत के बाद एक बार फिर तापमान में वृद्धि हो सकती है. तीन-चार दिनों के बाद फिर पारा 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर जा सकता है.0

**छह दिनों का संभावित तापमान**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 02 जून | 38.0° | 27.0° |
| 03 जून | 38.0° | 28.0° |
| 04 जून | 40.0° | 28.0° |
| 05 जून | 40.0° | 28.0° |
| 06 जून | 40.0° | 29.0° |
| 07 जून | 42.0° | 30.0° |

## चलती ट्रेन पर गिरा ओवरहेड तार

### दो घंटा रेल सेवा बाधित, रायबरेली के दो यात्री घायल



संवाददाता | चांडिल

चांडिल-मुरी रेलखंड पर रांची रेल मंडल के सुईसा रेलवे स्टेशन अंतर्गत लेंगडीह रेलवे क्रासिंग के समीप ट्रेन हादसे में दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. आनंद विहार टर्मिनल से पुरी जाने वाली 12876 नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन के ऊपर का ओवरहेड तार टूट कर गिरने से यह दुर्घटना हुई. ओवरहेड तार टूट कर ट्रेन के गेट के पास बैठे दो यात्रियों से सट गया.

तार से एक यात्री रामशंकर के मुंह पर गंभीर चोट लगी. वहीं दूसरे यात्री राहुल कुमार के सिर पर चोट लगी. बताया गया कि दोनों यात्री रायबरेली, उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं. एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण घटना के एक घंटे के बाद पुलिस के वाहन से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. बागमुंडी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाथरडीह में दोनों घायलों का इलाज करने के बाद दोनों को रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया है. इनमें एक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. घटना के इस संबंध में ट्रेन में सवार यात्री संतोष ने बताया कि सुईसा रेलवे स्टेशन के बाद ट्रेन में जोरदार आवाज हुआ. आवाज होने के बाद करीब दो किलोमीटर दूर जाकर ट्रेन रूका.

बताया गया कि ट्रेन के ऊपर रेलवे का ओवरहेड तार टूटकर गिर गया है. इस घटना में ट्रेन में सवार दो यात्री को गंभीर चोट लगी है.

### टाटानगर में नीलांचल का इंजन किया सील

**जमशेदपुर** | सुईसा स्टेशन के पास नीलांचल एक्सप्रेस पर ओवर हेड वायर गिरने के बाद ट्रेन की जांच कर उसे गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया. ट्रेन दोपहर 12.09 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंची, जहां ट्रेन के इंजन को अलग कर सील कर टाटानगर स्टेशन में ही रखा गया है. ट्रेन का एक पेंटोग्राफ टूट गया है. वहीं ट्रेन में दूसरा इंजन लगाकर पुरी के लिए रवाना कर दिया गया. टाटानगर एआरएम अभिषेक सिंघल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी एक्टिव हो गए थे. ट्रेन के टाटानगर स्टेशन आने के बाद कागजी प्रक्रिया के साथ इंजन को सील कर दिया गया है. रेलवे जोन से जांच अधिकारी आकर इंजन की बारीकी से जांच करेंगे. इसके साथ ही दोनों लोको पायलट के ब्लड सैंपल को भी लिया गया है, जिसकी जांच की जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं घटना के वक्त दोनों ने शराब तो नहीं पी थी.

## ब्रीफ खबर

### टाटा स्टील ग्रोथ शॉप का समर कैंप संपन्न

**जमशेदपुर** | टाटा स्टील ग्रोथ शॉप की ओर से बच्चों के लिए कंपनी के आदित्यपुर कॉम्प्लेक्स गम्हरिया स्थित विद्या ज्योति स्पोर्ट्स ग्राउंड में 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया. यह कैंप शनिवार को समारोहपूर्वक संपन्न हुआ. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टीजीएस के जीएम शरद कुमार शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि टिस्को मजदूर यूनियन के महामंत्री शिवलखन सिंह उपस्थित थे. अतिथियों ने बच्चों को समर कैंप में मिले टिप्स व अनुशास को अपने जीवन में आत्मसात करने की सीख दी.

### राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर जताया शोक

**जमशेदपुर** | हिंदी दैनिक 'उदितवाणी' के संस्थापक सह संपादक रहे राधेश्याम अग्रवाल (84 वर्ष) के निधन पर जिला भाजपा ने गहरा शोक व्यक्त किया है. राधेश्याम अग्रवाल के निधन को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए इसे पत्रकारिता जगत एवं सामाजिक स्तर पर अपूरणीय क्षति बताया है. उन्होंने कहा है कि स्व राधेश्याम अग्रवाल को पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा. उनका संपूर्ण जीवन मूल्य आधारित पत्रकारिता को समर्पित रहा. उन्हें व्यवहारिक और सैद्धांतिक दोनों पत्रकारिता का विशेष अनुभव था.

### वृद्धा आश्रम की देख-रेख का जिम्मा सीजीपीसी को

**जमशेदपुर** | टेल्को निवासी माता मनजीत कौर वृद्धा आश्रमवाली ने जीते जी वृद्धाओं की खूब सेवा की और दुनिया छोड़ने से पहले वृद्धाश्रम की देखरेख का जिम्मा सीजीपीसी के हवाले कर गयीं. शनिवार को इस बात की पुष्टि करते हुए सीजीपीसी के चेयरमैन और झारखंड राज्य गुरुद्वारा कमिटी के अध्यक्ष सरदार शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नेक दिल इंसान समाजसेवी बीबी मनजीत कौर ने आगे वृद्धाश्रम की देखरेख और बुजुर्गों की देखभाल की जिम्मेदारी सीजीपीसी के कंधों पर रख दी है. इसका निर्वहन सीजीपीसी पूरी शिद्दत के साथ करेगी.

### भाजपा नेता ने की गर्भवती की इलाज में सहायता

**जमशेदपुर** | मानगो स्थित उलीडीह बस्ती निवासी सीता सिंह (32) सात महीने की गर्भवती हैं. वह मानगो के आजादनगर स्थित उमा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में गुरुवार से भर्ती हैं. उनकी स्थिति काफी गंभीर होते देख डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी, पर गरीबी से जूझ रहे परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण उनका परिवार ऑपरेशन कराने में सक्षम नहीं था. ऐसे में समाजसेवी और भाजपा नेता नीरज सिंह ने अविलंब अस्पताल के डॉक्टर ओम प्रकाश से फोन पर इलाज शुरू करवाने को कहा. इसके बाद गर्भवती महिला का तत्काल इलाज शुरू हुआ.

### ईवीएम स्ट्रांग रूम की निगरानी में भाजपाई मुस्तैद

**जमशेदपुर** | जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कालेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में सीमा सुरक्षा बल की निगरानी में रखी गई है. यहां भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर की ओर से ईवीएम पर दिन-रात निगरानी रखने के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगायी गयी है.

भाजपा के तमाम बड़े नेताओं के साथ कार्यकर्ता तपती गर्मी के बीच प्रतिदिन को-ऑपरेटिव कॉलेज के ग्राउंड में बने निगरानी कैम्प में बैठ कर स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे हैं. शनिवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत कदमा मंडल एवं साकची पश्चिम मंडल के कार्यकर्ता ईवीएम की निगरानी में मुस्तैद रहे.

इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद एवं भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने निगरानी कैम्प का जायजा लिया.

## युवती से अश्लील बातें करना पड़ा महंगा, चप्पल से पिटाई

मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर

**जमशेदपुर** | सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बारीडीह स्थित एक मोबाइल दुकान के बाहर उस वक्त हंगामा मच गया जब एक युवती ने मोबाइल दुकानदार द्वारा अश्लील बातें करने पर चप्पल से पिटाई शुरु कर दी. युवती ने अपना चप्पल खोलकर दुकानदार को जमकर पीटा. युवती ने पुलिस को भी फोन कर बुलाया. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार को पकड़कर थाने ले गई.

बागुनहातू निवासी शोभा कुमारी ने मार्च माह में दिनेश मोबाइल नामक मोबाइल दुकान से एक मोबाइल लिया था. शोभा ने 40 हजार का मोबाइल देखा था पर दुकानदार ने 62 हजार का मोबाइल फाइनांस कर दिया. शोभा ने फाइनांस कंपनी से बात की पर फाइनांस कंपनी वालों ने भी



गलती दुकानदार की ही बताई. इसके बाद शोभा ने ईएमआई ही देना बंद कर दिया.

फाइनांस कंपनी वालों ने शोभा को मोबाइल हैंडओवर करने को कहा. शनिवार सुबह शोभा दिनेश मोबाइल में पहुंची तो दुकानदार ने अश्लील बातें करते हुए छेड़खानी की.

## ईचागढ़ के वीरडीह में नदी घाट से उठा रहे थे बालू

# बाराती बनकर पहुंची छापामारी टीम, 11 हाइवा, एक जेसीबी जब्त

संवाददाता | चांडिल

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की. सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अभियान चलाया. रातभर चली छापेमारी में पुलिस ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के वीरडीह में नदी घाट से अवैध रूप से बालू उठाते 11 हाइवा और एक जेसीबी को जब्त किया. हालांकि कई चालक वाहन लेकर भागने में भी सफल रहे.

बालू के अवैध कारोबार पर लगाम लगा पाना काफी मुश्किल काम है. बालू कारोबारी हर चौक-चौराहे पर आदमी बैठाये रहते हैं. ये लोग पदाधिकारियों या छापेमारी दल के वाहन गुजरने पर कारोबारियों को खबर दे देते हैं. ऐसे में छापेमारी दल के पहुंचने से पहले ही नदी घाट से वाहन चले जाते हैं. इससे बचने के लिए जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल बाराती का वेश धारण किया.

सभी वाहनों पर शादी वाले पोस्टर लगाये गये. बाराती बनकर छापेमारी दल वीरडीह घाट पर पहुंचे और वहां से 11 हाइवा और एक जेसीबी को जब्त कर लिया.

इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि छापेमारी दल में उनके अलावा खनन विभाग की पूरी टीम और पुलिस बल शामिल था. जब्त वाहनों के खिलाफ ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज किया जायेगा.

उन्होंने बताया कि कागजी कार्रवाई की जा रही है. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सफेद बालू के काले कारोबार में सफेदपोशों के साथ क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों का हाथ है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सफेदपोश और प्रभावशाली लोगों का दबाव रहने के कारण ही बालू लदे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर संबंधित थाना की पुलिस किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करती है. यहां तक कि पुलिस दुर्घटना की जानकारी होने तक से इनकार करती है.

क्षेत्र में रात के वक्त बड़ी संख्या में हाइवा व जेसीबी इस काम में लगे रहते है. सड़कों पर रातभर बालू लदे हाइवा दौड़ते रहते हैं. ग्रामीणों की मानें तो बालू लदे हाइवा के आवागमन के कारण एक तरफ ग्रामीण सड़कें टूट रही हैं तो दूसरी और नदियों का सीना छलनी करने के कारण उनके अस्तित्व पर भी संकट उत्पन्न हो गया है. ग्रामीणों का कहना है कि सत्ता के संरक्षण में बालू कारोबारी खनन कानून और प्रकृति की धज्जियां उड़ा रहे हैं. क्षेत्र में अमन-चैन और विधि व्यवस्था कायम रखने का डींग हांकने वाले राजनेता व जनप्रतिनिधियों ने कभी इस प्रकार के गोरखधंधे के खिलाफ आवाज नहीं उठायी.

ऐसे में जनता अपने को असहाय महसूस कर रही है. ग्रामीणों का कहना है कि सफेदपोश और पुलिस का संरक्षण बालू माफियाओं के हौसले को बढ़ा रही है.

### बालू के अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



### बालू के काले कारोबार में सफेदपोशों का दबदबा

सरायकेला-खरसावां जिले में सफेद बालू के काले कारोबार में सफेदपोशों के साथ क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों का दबदबा है. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न घाटों में बालू कारोबारी बेखौफ सक्रिय हैं. सरकार की इस लचर नीति के कारण बालू के रूप में सरकार का खजाना लूटा जा रहा है. यहां जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर बालू का खनन बदस्तूर जारी है. बालू का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है. बालू कारोबारी इस अवैध कारोबार से वर्षों से अपनी तिजोरियां भरने में जुटे हुए हैं. बालू का ढेर दरअसल कुबेर का खजाना जैसा हो गया है. बालू कारोबारियों की पहुंच ऊपर तक बताई जा रही है. यही वजह है कि ग्रामीणों की लाख शिकायत के बाद भी पुलिस-प्रशासन बालू के अवैध कारोबार को रोकने में विफल साबित हो रही है.

### रामलला के दर्शन करने अयोध्या गया था परिवार घर में हो गई चोरी

**जमशेदपुर** | बिरसानगर थाना अंतर्गत विजया गार्डन भी अब चोरों से अछूता नहीं रह गया है. विजया गार्डन के 12 फेज स्थित डुप्लेक्स नंबर 509 निवासी श्यामसुंदर पांडेय के घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया. चोरों ने उनके घर के दरवाजे को किसी औजार की मदद से तोड़ा और घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया. श्यामसुंदर पांडेय बीते 29 मई को अपने परिवार संग अयोध्या गए है. वे शनिवार देर शाम को लौटने वाले थे, पर इसके पहले ही चोरों ने उनके घर में चोरी कर ली.

शनिवार सुबह उनके परिचित ने उन्हें फोन पर घटना की जानकारी दी. श्यामसुंदर के भाई हरि शंकर पांडेय ने बताया कि श्यामसुंदर शिपिंग में काम करते हैं. वे अपने परिवार संग 29 मई को रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए थे.

शनिवार को उनकी वापसी थी. इसके पहले ही उनके घर में चोरी हो गई. जानकारी मिलने पर 100 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी गई थी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. हालांकि घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. चोर तड़के तीन से चार बजे के बीच घटना को अंजाम देकर फरार हो गए. हरि शंकर पांडेय ने बताया कि श्यामसुंदर के लौटने पर ही कितने की चोरी हुई है इसका पता चल पाएगा. वहीं चोरों ने डुप्लेक्स नं. 529 में भी चोरी करने का प्रयास किया, पर सफल नहीं हो पाए. उक्त क्वार्टर एसबीआई के मैनेजर का है.

## दानिश हत्याकांड: डाबर समेत पांच दोषी करार

- सजा पर कोर्ट 5 जून को सुनाएगी फैसला

संवाददाता | जमशेदपुर

मानगो नूर कॉलोनी निवासी जमीन कारोबारी सबाऊल हक उर्फ मो दानिश के हत्या के मामले में शनिवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने शहनवाज खान उर्फ डाबर समेत सरफराज आलम उर्फ छोटू, मो. सलीम उर्फ गुड्डू, मकसूद आलम उर्फ काला मकसूद और शेख फैयाज को दोषी करार दिया. कोर्ट सजा के बिंदु पर 5 जून को फैसला सुनाएगी.

शनिवार को सुनवाई के दौरान साजिशकर्ता जमीन कारोबारी शहनवाज खान उर्फ डाबर कोर्ट में सशरीर पेश हुआ था. जबकि अन्य आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए पेश हुए थे. कोर्ट द्वारा दोषी करार दिये जाने के बाद शहनवाज खान उर्फ डाबर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक सुनील चंद्र श्रीवास्तव ने कोर्ट में पैरवी की. जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शंभू दयाल, आनंद झा और डी सतीश कुमार पैरवी कर रहे थे.

उल्लेखनीय है कि 29 दिसंबर 2020 को मानगो नूर कॉलोनी निवासी जमीन कारोबारी मो दानिश नमाज पढ़ने के लिए गया था. वापसी के दौरान आजादनगर रोड नंबर 13 के पास स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने दानिश को रोका और ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना शुरु कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे. लोगों की मदद से दानिश को टीएमएच ले जाया गया था जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया.

## उपलब्धि: केयू के 165 विद्यार्थियों का थीसिस शोधगंगा में अपलोड

# पूरी दुनिया के छात्र भी पढ़ रहे केयू के शोध पत्र

सुकेश कुमार | चाईबासा

कोल्हान विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस को पूरे दुनिया के प्लेटफार्म पर ले जाने के लिए पिछले तीन सालों से कार्य चल रहा है. विवि ने अब तक लगभग 165 शोधार्थियों के थीसिस को शोध गंगा में अपलोड कर दिया है, ताकि दुनिया के किसी भी स्थान पर कोई भी आसानी से देख सकता है. कोल्हान विवि के शोधार्थियों की थीसिस को हर कोई देखकर अनुभव हासिल कर सकता है. उक्त वेबसाइट में यह थीसिस को पीडीएफ फाइल बनाकर अपलोड कर दिया गया है. यह सारा कार्य कोल्हान विवि के सेंट्रल लाइब्रेरी से संचालित हो रही है. लाइब्रेरियन नीलकंठ ने कहा कि पिछले दो सालों से अपलोड का काम चल रहा है. शोधार्थी का अवार्ड होने



के पश्चात उसके थीसिस को शोध गंगा वेबसाइट में अपलोड किया जाता है. यह एक ऐसा वेबसाइट है जहां पूरी दुनिया भर के श्रेष्ठ विवि के शोधार्थी का शोध पत्र यहां पर उपलब्ध है. इस वेबसाइट से शोधार्थी अनुभव हासिल कर सकते है.

विभिन्न विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में शोध पत्रों को ऑनलाइन उपलब्ध करवाना और पीएचडी जैसे विभिन्न शैक्षिक उपाधिपरक शोध-प्रबंध में नकल की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना है. शोधपत्रों के अध्ययन के लिए भारत में उपलब्ध यह सबसे अच्छी व्यवस्था है. यूजीसी द्वारा शुरू की गई 'शोधगंगा' से अब तक देश के 70 के करीब विश्वविद्यालय जुड़ चुके हैं. इस योजना के तहत देशभर के सभी विश्वविद्यालय के शोधपत्र ऑनलाइन किए जा रहे हैं. जिसके कारण किसी भी विश्वविद्यालय का शोधपत्र कहीं भी देखा जा सकता है.

यूजीसी की इस व्यवस्था को लागू करने के लिए कोल्हान विश्वविद्यालय को अलग से फंड भी उपलब्ध करवाया जा रहा है. इसके माध्यम से पीएचडी, डी-लिट और डीएससी के सभी शोध पत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं. हालांकि कोल्हान विवि में सिर्फ पीएचडी की ही पढ़ाई होती है.

### भारत के शोध प्रबंधों का ऑनलाइन भंडार है शोधगंगा

कोल्हान विवि के लाइब्रेरियन नीलकंठ के मुताबिक शोधगंगा भारत के शोध प्रबंधों का ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक भंडार है. यह इन्फ्लिबनेट केन्द्र द्वारा स्थापित किया गया है. इनफ्लिबनेट अहमदाबाद की ऑनलाइन कंपनी है. सरकार के आदेशानुसार विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों के लिए अपने शोध-प्रबन्धों को एलेक्ट्रॉनिक रूप में भी जमा करना अनिवार्य बना दिया गया है. शोध के दौरान साहित्यिक चोरी या मुद्राधिकार उल्लंघन से बचने तथा शोध की गिरती हुई गुणवत्ता को संभालने के उद्देश्य से शोधगंगा की पहल की गई है. शोधगंगा में अभी तक 428 विश्वविद्यालय योगदान दे रहे हैं. यहां 7000 सिनॉप्सिस जमा हो चुके हैं, 2,50, 000 से ज्यादा फुल टेक्स्ट शोध-प्रबंध जमा हो चुके हैं.

ੴ

''घल्ले आवे नानका, सद्दे उठ्ठे जाये''



**सरदारनी बलवंत कौर खनूजा**

हमारी पूज्य माता जी सरदारनी बलवंत कौर खनूजा (धर्मपत्नी स्वर्गीय सरदार हरजीत सिंह खनूजा) का 31.05.2024 शुक्रवार अपराह्न 3 बजे निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा हमारे पैतृक आवास 14/407, काशीडीह, साकची (साकची गुरुद्वारा पेट्रोल पंप के सामने) दिनांक 02.06.2024 दिन रविवार को सुबह 10:00 गुरुद्वारा साहिब साकची होते हुए स्वर्णरेखा बर्निंग घाट, भुइयांडीह पहुँचेगी।

शोकाकुल :-

पुत्र :-

त्रिलोचन सिंह 'पम्मी', दलजीत सिंह 'राज़े', अमरप्रीत सिंह 'काले' रणबीर सिंह 'बब्बू' एवं समस्त खनुजा परिवार